# Africa Continent

**1. अफ्रीका महाद्वीप यूरोप से किन स्थलाकृतिक संरचनाओं के द्वारा अलग होता है?**

**1. जिब्राल्टर जलसंधि**

**2. भूमध्यसागर**

**3. उत्तरी अटलांटिक सागर**

**4. बाब-एल-मंदेब जलसंधि**

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:**

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 3 और 4
(c) केवल 2 और 4
(d) केवल 1 और 3

**2. निम्नलिखित में से कौन-सी स्थलाकृति एशिया महाद्वीप को अफ्रीका महाद्वीप से अलग करती है?**

**1. स्वेज नहर 2. लाल सागर**

**3. बाब-एल-मंदेब जलसंधि**

**4. मोज़ांबिक चैनल**

**कूट:-**

(a) 1 और 4
(b) 2,3 और 4
(c) 1,2 और 3
(d) 1,2 और 4

**3. निम्नलिखित में से कौन-सा अफ्रीका महाद्वीप का सबसे ऊँचा शिखर है?**

(a) माउंट कैमरून
(b) माउंट टोबैकल
(c) माउंट कीनिया
(d) माउंट किलिमंजारो

**4. अफ्रीका महाद्वीप के किस भाग में एटलस पर्वत का विस्तार है?**

(a) उत्तर-पश्चिमी भाग
(b) दक्षिणी भाग
(c) उत्तर-पूर्वी भाग
(d) मध्य भाग

**5. महान भूभ्रंश घाटियाँ किस महाद्वीप के विशेष भौतिक लक्षण है?**

(a) अफ्रीका महाद्वीप
(b) दक्षिण अमेरिका महाद्वीप
(c) उत्तर अमेरिका महाद्वीप
(d) यूरोप

**6. निम्नलिखित में से किस झील से नील नदी निकलती है?**

(a) करिबा झील
(b) तंजनाइका
(c) विक्टोरिया झील
(d) तुर्काना झील

**7. नीचे दिये गए किस सागर/महासागर में नील नदी की द्वारा डेल्टा का निर्माण किया जाता है?**

(a) लाल सागर
(b) भूमध्य सागर
(c) उत्तर अटलांटिक महासागर
(d) काला सागर

**8. विक्टोरिया झील के संदर्भ में नीचे दिये गए कथनों पर विचार कीजिए:**

**1. विक्टोरिया झील अफ्रीका की सबसे बड़ी झील है।**

**2. विक्टोरिया झील के ऊपर से विषुवत् रेखा गुजरती है।**

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1और न ही 2

**9. नीचे दिये गए किस नदी पर विक्टोरिया जलप्रपात अवस्थित है?**

(a) ज़ाबेज़ी नदी
(b) जायरे नदी
(c) ऑरेंज नदी
(d) लिंपोपो नदी

**10. विश्व का सबसे बड़ा मरुस्थल कौन-सा है?**

(a) कालाहारी मरुस्थल
(b) सहारा मरुस्थल
(c) थार मरुस्थल
(d) गोबी मरुस्थल

**11. नीचे दिये गए कथन एवं कारण पर सावधानीपूर्वक विचार कीजिये:**

**कथन (A):अफ्रीका में नील और ज़ायरे को छोड़कर दूसरी नदियाँ नाव या स्टीमर चलाने के योग्य नहीं है।**



उत्कर्ष® JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213

**कारण (R): नील और ज़ायरे नदियों के अलावा अफ्रीका की अन्य नदियों में पानी की मात्रा बहुत कम है।**

**कूट:-**

(a) A एवं R दोनों सही है तथा R, A की सही व्याख्या करता है।

(b) A एवं R दोनों सही है तथा R, A की सही व्याख्या नहीं करता है।

(c) A सही है, R गलत हैद्ध

(d) A गलत है, R सही है।

**12. निम्नलिखित में से किस जगह विश्व का सबसे अधिक तापमान दर्ज किया गया है?**

(a) मृत घाटी (संयुक्त राज्य अमेरिका)

(b) टिम्बकटू (माली)

(c) तिरट तस्वी (इज़राइल)

(d) अल-अज़ीज़िया (लीबिया)

**13. अफ्रीका महाद्वीप के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सत्य है/हैं?**

**1. अफ्रीका में विषुवतीय वर्षा वन के उत्तर तथा दक्षिण में सवाना घास के मैदान पाये जाते है।**

**2. अफ्रीका में सवाना के उत्तर तथा दक्षिण दोनों ही ओर विस्तृत मरुस्थल पाये जाते है।**

**कूट:-**

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 व 2 दोनों

(d) न तो 1 और न ही 2

**14. अफ्रीका महाद्वीप में भूमध्यसागरीय जलवायु कहाँ पाई जाती है?**

**1. उत्तरी तटीय प्रदेशों में**

**2. पूर्वी तटीय प्रदेशों में**

**3. दक्षिणी तटीय प्रदेशों मे**

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:**

(a) 1 और 2

(b) 2 और 3

(c) 1 और 3

(d) उपर्युक्त सभी

**15. निम्नलिखित में से कौन-सी नदी मकर रेखा को दो बार काटती है?**

(a) लिंपोपो

(b) अमेज़न

(c) ज़ांबेज़ी

(d) ऑरेंज **[a]**

**व्याख्या:-**

- लिंपोपो नदी मकर रेखा को दो बार काटती है। लिंपोपो नदी दक्षिण-अफ्रीका-बोत्सवाना तथा दक्षिण अफ्रीका जिम्बाब्वे की सीम बनाते हुए मापूतों (डेलागुआ) की खाड़ी में गिरती है।

**16. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए:**

| सूची-I(नदी) | | सूची-II(बांध) | |
|---|---|---|---|
| A | नील नदी | 1 | कैंजी बांध |
| B | ज़ांबेज़ो नदी | 2 | अस्वान बांध |
| C | नाइजर नदी | 3 | करीबा बांध |
| D | नीली नील | 4 | सेन्नार बांध |

**कूट:-**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| (b) | 4 | 2 | 3 | 1 |
| (c) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (d) | 3 | 2 | 1 | 4 |

**17. निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन अफ्रीका महाद्वीप के संदर्भ में सही है/हैं?**

**1. सवाना प्रदेश की उच्च भूमियों पर पशुपालन एक महत्वपूर्ण व्यवसाय है।**

**2. अफ्रीका महाद्वीप में लौह अयस्क एवं कोयला कम पाया जाता है।**

**कूट:-**

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 व 2 दोनों

(d) न तो 1 और न ही 2

**18. बड़े आकार के और तेज़ दौड़ने वाले पक्षी शुतुरमुर्ग निम्नलिखित में से किस मरुस्थल में पाये जाते है?**

(a) कालाहारी मरुस्थल

(b) टकला मकान मरुस्थल

(c) दस्त-ए-कबीर मरुस्थल

(d) थार मरुस्थल



UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213

**19. निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सत्य है?**
**1. विश्व में सबसे अधिक क्रोमियस का उत्पादन दक्षिण अफ्रीका में होता है।**
**2. किंबर्ले, बोत्सवाना का लौह भंडार एवं खनन का महत्वपूर्ण केंद्र है।**
**कूट:-**
(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

**20. नीचे दिये गए कथनों पर विचार कीजिये:**
**1. अफ्रीका में कैको के वृक्षों से कोको प्राप्त किया जाता है, जोकि कहवा कॉफी के समान ही लोकप्रिय पेय है।**
**2.पश्चिम अफ्रीका के देश नाइजीरिया, घाना और आइवरी कोस्ट कोको का काफी मात्रा में निर्यात करते है।**
**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**
(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 व 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

**21. ज़ंज़ीबार और पेंबा द्वीप के संदर्भ में कौन-सा/से कथन असत्य है/हैं?**
**1. ज़ंज़ीबार और पेंबा द्वीप दक्षिणी अटलांटिक महासागर में अवस्थित हे।**
**2. इन द्वीपों में बड़े पैमान पर लौंग का उत्पादन होता है।**
**कूट:-**
(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 व 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

**22. अफ्रीका महाद्वीप में कौन-सी भाषा ज़्यादातर लोगों के द्वारा बोली एवं समझी जाती है?**
(a) अरबी
(b) फ्रेंच
(c) अंग्रेजी

**23. सर्वात्मवाद धर्म को मानने वाले लोग मुख्यत: किस महाद्वीप में निवास करते है?**
(1) उत्तर अमेरिका
(2) दक्षिण अमेरिका
(3) अफ्रीका
(4) एशिया

**24. हॉर्न ऑफ अफ्रीका (अफ्रीका का सींग)में कौन-कौन से देश शामिल है?**
**1. सोमालिया 2. इरीट्रिया**
**3. जिबूती 4. इथियोपिया**
**कूट:-**
(a) केवल 1,2 और 3
(b) केवल 2,3 और 4
(c) केवल 1,3 और 4
(d) उपर्युक्त सभी

**25. अफ्रीका महाद्वीप के नाइजीरिया देश के संदर्भ में नीचे दिये गऐ कथनों पर विचार कीजिए:**
**1. नाइजर यहाँ की मुख्य नदी है।**
**2.नाइजीरिया के आंतरिक भाग में शीत ऋतु में प्राय: गर्म और धूल भरी हवाएँ उत्तर-पूर्व की ओर से चलती है, जिन्हें 'हरमट्टन' कहते है।**
**3. नाइजीरिया में मुख्य रूप से पाय जाने वाला तेज-ताड़ का वृक्ष विषुवतीय जलवायु में अच्छी तरह पैदा होता है।**
**उपर्युक्त में से कौन-सा कथन सत्य है?**
(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) उपर्युक्त सभी

**26. अफ्रीका महाद्वीप के किस देश को 'नील नदी का उपहार' कहते है?**
(a) इथियोपिया
(b) मिस्त्र
(c) सूडान
(d) दक्षिणी सूडान

**27. अफ्रीका के किस देश में अप्रैल और मई में गर्म शुष्क और धूल भरी हवाएँ चलती है तथा इन हवाओं को खमसिन कहते है?**
(a) अल्जीरिया
(b) नाइजीरिया
(c) सूडान
(d) मिस्त्र



UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213

**28. दक्षिण अफ्रीका के संदर्भ में नीचे दिये गए कथनों में से कौन-सा कथन असत्य है?**

(a) दक्षिण अफ्रीका एक और से अटलांटिक महासागर तथा दूसरी ओर से हिंद महासागर से घिरा हुआ है।

(b) दक्षिण अफ्रीका को मेरिनो भेड अच्छी किस्म की ऊन के लिए विख्यात है।

(c) दक्षिण अफ्रीका के दक्षिणी भाग में ड्रेकेंसबर्ग पर्वत स्थित है।

(d) यहाँ पाये जाने वाले शीतोष्ण कटिबंधीय पास के मैदान को 'वेल्ड' कहा जाता है।

**29. दक्षिण अफ्रीका के संदर्भ में नीचे दिये गए कथनों पर विचार कीजिए:**

**1. तटीय भागों को छोड़कर देश के शेष भागों में अधिक वर्षा नहीं होती है।**

**2. दक्षिण अफ्रीका के पूर्वी भाग में अच्छी वर्षा होती है, किंतु इस भाग को अधिकांश भूमि पहाड़ी होने के कारण कृषि योग्य नहीं है।**

**3. ऑरेंज और वॉल नदियाँ ड्रेकेंसबर्ग पर्वत से निकलती है।**

**उपर्युक्त में से कौन-से कथन सत्य है?**

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 2 और 3

(c) केवल 1 और 3

(d) उपर्युक्त सभी

**30. नीचे दिये गए सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिये तथा**

| सूची-I | | सूची-II | |
|---|---|---|---|
| A | जोहांसबर्ग | 1 | मिस्त्र |
| B | पोर्ट सईद | 2 | दक्षिण अफ्रीका |
| C | इबादान | 3 | नाइजीरिया |
| D | नैरोबी | 4 | केन्या |

**कूट:-**

(a) **A-**1,**B-**2,**C-**3,**D-**4

(b) **A-**1,**B-**2,**C-**4,**D-**3

(c) **A-**2,**B-**1,**C-**3,**D-**4

(d) **A-**2,**B-**1,**C-**4,**D-**3



उत्कर्ष® JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213